SMS को डा.एपीजे अब्दुल कलाम उद्यमी लीग-2018-19 में यूपी में प्रथम स्थान

- 30/07/2018 6:22 PM - In उत्तरप्रदेश, लखनऊ

लखनऊ : स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ को डा.एपीजे अब्दुल कलाम उद्यमी लीग-2018-19 में प्रथम स्थान मिला है। यह अवार्ड डा.एपीजे अब्दुल कलाम की तृतीय पुण्यतिथि 27 जुलाई 2018 को प्रवासी भारतीय केंद्र, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में उन विद्यालयों को चयनित करते हुए दिया गया जिन्होंने अपने भविष्य दृष्टा होते हुए छात्र-छात्राओ में पठन–पाठन के साथ अन्वेषण, नवाचार आदि में विकास किया है। छात्र-छात्राओ को विभिन्न परिक्रमा 1-13 के आयोजनों द्वारा एकेटीयू ने उन्हें भाग लेने का मौक़ा दिया जिसमे एसएमएस के छात्रों द्वारा सर्वाधिक अन्वेषण, नवाचार आदि द्वारा विकास-कार्यो को सी.वी. रमन अन्वेषण केंद्र द्वारा किये गये माडलों को प्रदर्शित कर प्रथम स्थान ग्रहण किया| इस प्रकार एकेटीयू के 615 कालेजों में एसएमएस को प्रथम स्थान पर चयनित किया गया|

इस पुरस्कार को एसएमएस प्रबन्धन की तरफ से रुद्रेश सिंह व महानिदेशक, डा.भरत राज सिंह ने दिल्ली में ग्रहण किया और लखनऊ पंहुचकर अध्यक्ष, एस.के. सिंह व कार्यकारी अधिकारी, शरद सिंह को उपलब्ध कराया। कालेज की इस बड़ी उब्लब्धि के लिए अध्यक्ष ने सभी सम्मलित छात्रों व अध्यापकों को साधुवाद दिया और इसको आगे और अधिक प्रेरणादायक कार्य करने का सुझाव दिया|